नवीन मान्यता

प्रेषक
अपर जिला शिक्षा अधिकारी,
(बेसिक) अल्मोड़ा

सेवा में,

प्रबन्धक,
माउन्ट सिनाय स्कूल रानीखेत
अल्मोड़ा ।

पत्रांक / 5106-7 /मान्यता–नवीन/2005–2006 दिनांक 5-10-06

विषय :– कक्षा 1 से 5 तक नवीन मान्यता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में। (प्राथमिक स्तर)

महोदय,

आपके आवेदन पत्र के आधार पर आपके विद्यालय को शासनादेश संख्या शिक्षा अनुभाग –5(6) 1873/15.5.98–18 (7) दिनांक 10 सितम्बर 1998 के अन्तर्गत निहित प्राविधानों के अनुसार आपके विद्यालय को अस्थाई मान्यता इस शर्त के साथ प्रदान की जाती है कि आप मान्यता निर्गत होने के 5 वर्ष के अन्तर्गत सभी मान्यता शर्तो को पूर्ण कर स्थाई मान्यता हेतु आवेदन करेंगे। यह मान्यता प्राथमिक स्तर (कक्षा 1 से 5 तक) की निम्न शर्तो के साथ प्रदान की जाती है :–

1. विद्यालय को केवल हिन्दी माध्यम से मान्यता प्रदान की गई है।
2. विद्यालय में बेसिक शिक्षा के सभी नियम लागू होंगे। नियमों के अन्तर्गत ही विद्यालय का संचालन करेगें। विभाग द्वारा निर्धारित शुल्क ही लिया जाय
3. शिक्षा विीाग के अधिकारियों द्वारा कभी भी आपके विद्यालय का निरीक्षण व आडिट किया जा सकता है।
4. परीक्षायें परिषदीय नियमों के अन्तर्गत ही सम्पादित की जायेगी।
5. सभी पाठ्य पुस्तकं परिषद द्वारा निर्धारित ही पढ़ायें जायेगें। सभी कार्य विभागीय नियमानुसार ही होगें, अन्यथा की स्थिति में मान्यता समाप्त की जा सकती है, जिसका अधिकार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को होगा। इसलिए आपका कोई दावा मान्य नही होगा।

5 वर्षो के अन्तर्गत निम्न शर्तो की पूर्ति करना आवश्यक है :–

अ. विद्यालय में सभी प्रशिक्षितं अध्यापक हो।
ब. विद्यालय की अपनी निजी भूमि व भवन हो।
स. विद्यालय में विज्ञान, साज सज्जा सामग्री, पुस्तकालय की व्यवस्था आवश्यकतानुसार पूर्ण/पर्याप्त हो, क्रीड़ास्थल भी आवश्यक है।

6– यदि कोई सूचना/ तथ्य छुपाया गया हुआ पाया गया तो अथवा असत्य पाया गयो तो मान्यता तत्काल रद्द कर दी जावेगी ।

भवदीय

अपर जिला शिक्षा अधिकारी,
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
(बेसिक) अल्मोड़ा
अल्मोड़ा।

पृ0 सं0 / उक्तवत।

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. उप बेसिक शिक्षा अधिकारी अल्मोड़ा/ बागेश्वर ।
2. सम्बन्धित सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी।
3. शिक्षा अधीक्षक नगर क्षेत्र ।

अपर जिला शिक्षा अधिकारी,
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
(बेसिक) अल्मोड़ा
अल्मोड़ा।